03 हिन्दुस्तान
पटना • शनिवार • 08 फरवरी 2020

अग्रणी ने 1.40 करोड़ जमा किया

पटना। अग्रणी होम प्राइवेट लिमिटेड ने शुक्रवार को रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के खाते में 1.40 करोड़ रुपये जमा किया है। ये राशि शिकायतकर्ताओं को दी जाएगी।

रेरा ने आदेश दिया है कि अग्रणी होम प्राइवेट लिमिटेड ने पाटलिपुत्रा में रूबन अस्पताल के पास जो जमीन बेची है, उसका सेल एग्रीमेंट पेपर और राशि रेरा व उसके संयुक्त खाते में जमा कर दें। अग्रणी के एमडी व निदेशक को अपने पासपोर्ट की एक कॉपी भी रेरा में जमा करने को कहा गया है। 400 लोगों ने रेरा के पास शिकायत दर्ज की थी कि अपार्टमेंट बुकिंग करने के बावजूद अग्रणी उन्हें फ्लैट नहीं दे रहा है, न ही बकाया राशि लौटा रहा है। इसके बाद रेरा ने अग्रणी पर कार्रवाई शुरू कर दी।